>

Title: Reported massacre of sever members of a family belonging to a minority community in Sambhal Parliamentary constituency, Amroha district, Uttar Pradesh.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान एक ऐसी हृदयविदारक घटना की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं जिसमें 14/15 अप्रैल की रात को मेरे लोक सभा क्षेत्र सम्भल के अंतर्गत अमरोहा जिले में बामनखेड़ी गांव में एक मुस्लिम परिवार के सातों सदस्यों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई। [N12] उस परिवार के मुखिया स्थानीय इंटर कालेज में अध्यापक थे। उनका बड़ा बेटा जालंधर में कम्प्यूटर इंजीनियर था, जो घर आया हुआ था। छोटा बेटा मेरठ में बी. टेक कर रहा था। बड़े बेटे की पत्नी, उसकी बेटी और भांजी, इस तरह से सात सदस्य उस परिवार में थे। वे सभी अपने मकान की फर्स्ट फ्लोर पर सोये हुए थे। उन सबकी रात में हत्या कर दी गयी। केवल एक बेटी जो सबसे ऊपर छत पर थी, वह बच गयी। यह मामला माइनोरिटी का है। पूरे इलाके में बहुसंख्यक लोग माइनोरिटी के हैं, जो दहशत में हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि उनमें दहशत न रहे। उन लोगों को वहां से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। इस मामले की सैंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन के जरिये जांच हो। केन्द्र सरकार माइनोरिटी परिवार के सभी सदस्यों को पांच-पांच लाख रुपये के लिहाज से मुआवजा देने की कृपा करें और कोई ऐसी टीम भेजें जिससे लोगों मे वहां विश्वास पैदा हो सके। ...(व्यवधान)

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : अध्यक्ष महोदय, हम जीरो ऑवर में जनरली नोटिस देते नहीं हैं। अब गलती से हमने नोटिस दे दिया है, तो आप हमें दो मिनट बोलने की अनुमति दे दें। शून्य काल में हमने कभी भी नोटिस नहीं दिया है। ...(व्यवधान)

* Not recorded.

अध्यक्ष महोदय: समय आने पर हम आपको बोलने का मौका देंगे। आप थोड़ा धीरज रखिये।

â€¦(व्यवधान)